## एक नजर में

### एक बगिया मां के नाम तहत महिला स्व सहायता समूहों का प्रशिक्षण संपन्न



**नीमच।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तहत पंजीकृत स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों के परिवारों को आजीविका का साधन उपलब्ध कराने के लिए एक बगिया मां के नाम 100 फलदार पौधों के रोपण की तीन वर्षीय परियोजना स्व सहायता समूह के सदस्यों को स्वीकृत की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को अच्छी गुणवत्ता के पौधे लगाने से लेकर उनकी तीन वर्षों तक देखभाल करने के संबंध में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण जनपद सभाकक्ष नीमच मे आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डा. सी.पी. पचौरी, वैज्ञानिक डा. श्याम सिंह, सारंग देवोत, जनपद सीईओं श्री आरिफ खान, श्री राजेश आर्य, श्री ऋतुराज बाथम एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने महिला सदस्यों को मार्गदर्शन दिया।

### सक्षम आंगनवाडी अभियान के तहत 50 अधिकारियों ने लिया जिले की आंगनावाड़ी केंद्रों को गोद

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले की आंगनवाड़ी केंद्रों को आत्मनिर्भर एवं कुपोषण मुक्त बनाने, के उद्देश्य से सक्षम आंगनवाड़ी अभियान के तहत एडाप्ट अन आंगनवाडी पहल शुरू की गई है। इसके तहत विभिन्न विभागों के 50 अधिकारियों को आंगनवाड़ी केंद्र गोद दिए गये है। यह अधिकारी गोद ली गई आंगनवाड़ी केंद्रो की सतत निगरानी, उन्नयन, बच्चों के श्रेणी सुधार का दायित्व निवर्हन करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि एडाप्ट अन आंगनवाड़ी के तहत गोद ली गई आंगनवाड़ी में संबंधित अधिकारी, बाला पेंटिंग, बाल सुलभ शौचालय, बच्चों की कुर्सियों एवं टेबल, अलमारी, खिलौने, वाटर फिल्टर, वाटर क्यूरी फायर, चाईल्ड फ्रेंडली मेट, टीचिंग मटेरियल, मेडिकल उपकरण, पर्दे, स्वच्छता कीट प्री स्कूल कीट, प्राथमिक उपचार कीट, शू रैंक, रैनवाटर हार्वेस्टिंग न्यूट्री गार्डन, सोलर पेनल, पंखे, ट्यूबलाईट, टी.वी.पेनड्राईव, एक्टीविटी बुक्स, बेस्ट फीडींग कार्नर, प्ले एरिया सहित अन्य सुविधाए उपलब्ध कराने में सक्रीय भागीदारी निभाएंगे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत मनासा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न



**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के तहत निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सोमवार को वार्ड नं.13 की आंगनवाड़ी मनासा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिशाय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर, निःशुल्क औषधीयां वितरित की गई। शिविर में कुल 33 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में श्रीमती ऊषा गहलोद, श्रीमति रजिया बी ने भी सहयोग प्रदान किया।

### नीमच सिटी में आयुष चिकित्सा शिविर

**नीमच।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, पोषण माह, एवं स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के तहत निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आंगनवाड़ी केंद्र नीमच सिटी में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,अर्श, गैस, अम्लपित, साइटीका, हदय प्रमेह,आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में 37 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। रोगियों को तनाव से मुक्ति, गर्भावस्था का आहार, स्वच्छता, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

### विश्व हृदय दिवस पर 105 मरीजां की जांच

**नीमच।** जिला चिकित्सालय नीमच में सिविल सर्जन डॉ महेंद्र पाटील के मार्गदर्शन में विश्व हृदय दिवस मनाया गया जिसमें 105 मरीज आए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर में आने मरीज़ों की बीपी- शुगर, फैटी लीवर की जांच एव कैंसर की स्क्रीनिंग की गई शिविर में डॉ. मनीष यादव ऐनसीडी नोडल अधिकारी, डॉ भान प्रताप अहिरवार असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिसिन, डॉ विनय वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिसिन के द्वारा मरीजों की जाँच, परामर्श एवं उपचार किया गया एवं 21 मरीज की ई. सी. जी. की जांच की गई।

### आमजन को फूल भेंट कर यातायात व्यवस्था में सहयोग की अपील की




**मन्दसौर।** मेरा शहरए मेरा ट्रैफिकए मेरी व्यवस्था के तहत मजदूर कल्याण समिति मंदसौर द्वारा गांधी चौराहे से घंटाघर तक व्यापारी एवं आम लोगों को फूल भेंट कर यातायात व्यवस्था में सहयोग करने हेतु अपील की गई। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने अपने हाथों में यातायात नियमों की तख्तियां व बैनर भी हाथ में ले रखी थी तथा राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी। रास्तें में ठेले वालों को भी फूल भेंटकर उनसे भी यातायात व्यवस्थाएं बनाये रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेजसिंह बघेलए एसडीओपी श्रीमती कीर्ति बघेलए थाना प्रभारी शहर कोतवाली श्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ए थाना प्रभारी यातायात श्री मनोज सोलंकीए प्रदेश अध्यक्ष मजदूर कल्याण समिति करणसिंह परिहारए सहित समिति के पदाधिकारी मातृशक्ति उपस्थित होकर यातायात व्यवस्था में सहयोग करने हेतु अपील की गई।

## सीआरपीएफ में भव्य रूप से ''हिंदी दिवस'' मनाया और प्रशस्ति पत्र वितरित किए

**नीमच। ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल नीमच के मैन्स क्लब में सोमवार को स्टेशन स्तरीय हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संदीप दत्ता, पुलिस महानिरीक्षक ,सी.टी.सी. नीमच के द्वारा की गई।**




आपको बताते चले कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्टेशन पर दिनांक 14-09-2025 से 29-09-2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसका आज भव्य समापन किया गया। हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में अधिकारियों की हिंदी डिक्टेशन प्रतियोगिता एवं अन्य कार्मिकों के लिए हिंदी व्यवहार प्रतियोगिता, हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता एवं हिंदी टंकण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 84 कार्मिकों को सराहना स्वरूप मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संदीप दत्ता ने श्री गोविन्द मोहन, भा.प्र.से. केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा जारी अपील एवं श्री जी.पी. सिंह, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, केरिपुबल का राजभाषा संदेश पढ़ कर सुनाया तथा अधिक से अधिक कार्यालयिक काम-काज हिंदी में करने के लिए सभी से अपील की। उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम स्टेशन स्तर पर आयोजित किया गया जिसमें श्री सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र नीमच, श्री प्रमोद कुमार साहु, कमाण्डेन्ट, ग्रुप केंद्र नीमच, सहित कैम्पस स्थित के.रि.पु.बल के सभी संस्थानों के राजपत्रित अधिकारी एवं सभी विजेता अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे। अंत में श्री जी. दिनेश, द्वितीय कमान अधिकारी, ग्रुप केन्द्र ने आभार व्यक्त किया।




## स्लेट पेंसिल को .ऑपरेटिव्ह सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**मन्दसौर।** दि स्लेट पेन्सिल प्रोड्यूसर्स मार्केटिंग को.ऑपरेटिव्ह सोसायटी मर्यादित मन्दसौर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 28 सितम्बरए रविवार को संस्था कार्यालय पर सोसायटी अध्यक्ष अर्जुन डाबर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में गत वार्षिक साधारण सभा की प्रोसीडिंग का वाचन किया गया तथा 2024.2025 की प्रशासक की बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि उपस्थित सदस्यों ने की। इसके साथ ही वर्ष 2024.2025 के अतिरिक्त आय व्यय एवं वर्ष 2024.2025 के वार्षिक पत्रको का अवलोकन कर स्वीकृति भी प्रदान की गई। साधारण सभा में वर्ष 2026.2027 के लिये अनुमानित बजट को सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की। तथा मण्प्रण् सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 58 के नवीन प्रावधान अनुसार वर्ष 2026.2027 का अंकेक्षण नियुक्ति पर भी विचार कर निर्णय लिया गया।

बैठक में दि स्लेट पेन्सिल प्रोड्यूसर्स मार्केटिंग को.ऑपरेटिव्ह सौसायटी मर्यादित मन्दसौर के अध्यक्ष अर्जुन डाबरए सोसायटी प्रभारी हिम्मत डांगीए उपाध्यक्ष भरत शिन्देए उपाध्यक्ष अशोक फरक्याए सदस्य हेमन्त यादवए श्रीमती फरीदा बीए दीपक मालवीयए इकबाल हुसैन शाहए संध्यादेवी जोशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आभार भरत शिन्दे ने व्यक्त किया।

## जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच में ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' पर परिचर्चा

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में सेवा पखवाड़ा-2025 के अन्तर्गत दिनांक 29.09.2025 को ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 रश्मि हरित ने परिचर्चा के विषय का प्रतिपादन करते हुए कहा कि यह अभियान पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने पर केन्द्रित है। पौष्टिक भोजन से ही महिलाएं स्वस्थ रह सकती है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पी.सी. रांका ने बताया कि ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' अभियान स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। महिलाओं को राष्ट्र की शक्ति का आधार बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार कृत संकल्पित है। स्वस्थ महिलाएं स्वस्थ परिवारों का निर्माण करती




है, जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण होता है और अन्ततः यह राष्ट्रीय लक्ष्यों में योगदान देता है। वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो0 विजया वधवा ने बताया कि महिलाओं को अपने पौष्टिक भोजन पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। महिला स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण से जुड़ा हुआ है।

परिचर्चा में महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भी अपने सशक्त विचारों द्वारा परिचर्चा को सार्थक बना दिया। बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु0 सपना बैरागी ने महिलाओं की स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए सर्वप्रथम स्वच्छ रहना आवश्यक है। बी.एच.एससी. की छात्रा कु0 तरन्नुम ने महिलाओं के पौष्टिक भोजन पर बल दिया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्की पारवानी ने कहा कि महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के लिए नियमित व्यायाम भी महत्वपूर्ण है। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु0 सपना बैरागी ने कहा कि फलों, सब्जियों, प्रोटीन और साबुत अनाज युक्त आहार से स्वस्थ रहा जा सकता है। बी.एससी. की छात्रा कु0 पूजा ने कहा कि अत्यन्त काम के दिनों में भी महिलाओं को आराम एवं नींद पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु0 गुनगुन जैन ने कहा कि संतुलित, पौष्टिक एवं फाइबर युक्त भोजन भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।कार्यक्रम में प्रो0 संजय बिजोलिया, प्रो0 सुनील कुमावत, प्रो0 राजेश डोडिया, प्रो0 महेन्द्र राव, प्रो0 संगीता शर्मा, प्रो0 सिमरन बी, श्री नरेन्द्र शर्मा के अतिरिक्त बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर नीमच जिले का गौरव बढ़ा



**नीमच।** शहर के विद्यार्थी अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार ने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा मध्य प्रदेश में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार को राज्य स्तर पर पुरस्कार मिला इस उपलब्धि से नीमच जिले का गौरव बढ़ा है।जिला संयोजक दीपक अहीर ने बताया कि अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार ने अपनी मेघा और संस्कारों का परिचय दिया भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रति गहरी निष्ठा भी दिखाई अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी है अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार का राज्य स्तर पर सम्मान होने से ग्रामीण शिक्षकों और परिजनों में खुशी का माहौल है रामचंद्र पाटीदार ने बताया कि जिले में हर साल 10 से 12000 विद्यार्थी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में हिस्सा लेते हैं कमल ऐरन एवं जगदीश महावर ने बताया इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षा देना ही नहीं संस्कार चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास की दिशा में भी प्रेरित करना है विद्यार्थियों को महापुरुषों की जीवनिय नैतिक शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए विशेष सत साहित्य दिया जाता है इस साहित्य के अध्ययन से विद्यार्थी संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करते हैं जीवन मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं इसके बाद उनकी संस्कृति संबंधी समझ को परखने के लिए परीक्षा ली जाती है।



## श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में रामायण नवान्ह पारायण का हो रहा है सामूहिक पाठ, 1 अक्टूबर को होगा समापन

**मंदसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में परम्परानुसार नवरात्र के उपलक्ष्य में गोस्वामी तुलसीदास जी कृत श्री रामचरित मानस ;रामायणद्ध का प्रतिदिन प्रातः 8ण्30 बजे से सामूहिक नवान्ह पारायण पाठ हो रहा है जिसमें संबंधित मानस प्रेमी भक्तजन भाग ले रहे है।**

सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि 9 दिवस की नहीं होकर 10 दिवसीय होने से रामायण पाठ का समापन 30 सितम्बर मंगलवार को नहीं होकर बुधवार 1 अक्टूबर को होगा और गुरूवार 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व पर प्रातः 9 बजे से हवनए पूजनए आरती और ब्रह्मभोज होगा।

श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठियाए सचिव कारूलाल सोनीए उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्गए जयप्रकाश गर्गए कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोतए सहसचिव प्रवीण देवड़ाए न्यासीगण बंशीलाल टांकए प्रहलाद काबराए सत्यनारायण सोमानीए जगदीशचन्द्र गर्गए संतोष जोशीए जगदीशचन्द्र भावसारए महेश गर्ग अजय मित्तलए अजय सिखवालए राजेश तिवारीए सूरजपालसिंह तोमर ने सभी धर्मालुजनों से धर्मलाभ लेने की अपील की है।

**एक नजर** | अग्रणी महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन

## स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन, 25 इकाई रक्त एकत्रित

**नीमच।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया द्य यह आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग और यूथ रेडक्रॉस इकाई के द्वारा रेडक्रॉस ब्लड बैंक इकाई, नीमच के सहयोग से किया गया द्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री विश्वदेव शर्मा, प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, कला संकाय अध्यक्ष डॉ. प्रभावती भावसार, डॉ. आर. के. गुजैटिया, श्री नितेश गुर्जर, अमन बैरागी एवं एबीवीपी के महाविद्यालय परिसर अध्यक्ष अमन पांडे उपस्थित थे । कार्यक्रम अधिकारी संजीव थोरेचा ने




बताया, कि रक्तदान शिविर मे रेडक्रॉस ब्लड बैंक, नीमच के प्रभारी श्री सत्येंद्र सिंह जी राठौड़ के निर्देशन में उनके सहयोगियों के माध्यम से 25 इकाई रक्त एकत्रित किया गया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के प्रो. कमलेश पाटीदार, क्रीड़ा अधिकारी श्री संजीव थोरेचा, प्रो. जय बाहेती, प्रो. विक्रम मेरावत, श्री नरेंद्र सेन, श्री किशनलाल, अक्षय खरे के अतिरिक्त विशाल पाटीदार, देवराज पाटीदार, उमेश पाटीदार, साहिल यादव, अर्जुन राठौर, पंकज शर्मा, दिलखुश नागदा, मयंक लखेरा, नितेश नायक, द्वारिका धाकड़, सुरेश धाकड़, प्रमोद गुर्जर, अक्षय राठौड़, हर्ष यादव, युवराज, नितेश जोशी, शिवम सोलंकी इत्यादि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । रेडक्रॉस ब्लड बैंक, नीमच की ओर से श्री शिशिर गायकवाड, श्री ईश्वर सिंह, बाबूलाल, श्री अंबालाल द्वारा रक्त एकत्रित किया गया । शिविर के दौरान प्रो. अपर्णा रे, डॉ. आयरिश रामनानी, राकेश कुमार कस्वा के अतिरिक्त बीपीईएस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित थे द्य कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन क्रीड़ा अधिकारी और यूथ रेडक्रास प्रभारी संजीव थोरेचा द्वारा किया गया.